घर-घर औषधि योजना

कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक, राजस्थान, जयपुर

क्रमांक- एफ 21(7)2022–23 / विकास / प्रमुवसं / 5404 दिनांक 26.08.2022

कार्यालय आदेश

माननीय मुख्यमंत्री महोदय द्वारा वर्ष 2022–23 में की गयी बजट घोषणा संख्या 342 (सामान्य वाद–विवाद घोषणा संख्या 38) के क्रम में नानी बीड को ईकोलॉजी पार्क व पक्षी विहार के रूप में विकसित करने के लिये उप वन संरक्षक, सीकर के पत्रांक एफ( )विकास / उवसंसी / 2022–23 / 8971 दिनांक 25.08.2022 द्वारा प्राप्त प्रस्तावानुसार वित्तीय वर्ष 2022–23 हेतु बजट मद 4406–वानिकी तथा वन्य जीव पर पूंजीगत परिव्यय, 02–पर्यावरणीय वानिकी तथा वन्य जीव, 800– अन्य व्यय, (01)–पर्यावरण वृक्षारोपण (आयोजना), 16– लघु निर्माण कार्य में राशि रूपये 50.00 लाख का बजट आवंटन किया जाता है। कृपया आवंटित बजट के संबंध में निम्न कार्यवाही शीघ्र किया जाना सुनिश्चित करावे –

1. कार्यों को प्रारम्भ करने से पूर्व प्राक्कलन की स्वीकृति नियमानुसार सक्षम स्तर से आवश्यक रूप से जारी की जावे अथवा करा ली जावें तथा राज्य सरकार के वित्तीय निर्देशो की पूर्ण पालना सुनिश्चित की जायें।
2. बजट का उपयोग सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियमो, वित्त विभाग द्वारा समय–समय पर उपापयन (Procurement) एव व्यय के संबंध में जारी परिपत्रों, कोष नियम एवं अन्य संबंधित नियमो के अनुसार एवं राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर जारी आदेशो की पालना करते हुए बजट सीमा में करे। इन नियमो / आदेशो की अवहेलना करने वाले अधिकारी अनियिमतताओ के लिये व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी होंगे।
3. वित्त (आय–व्ययक) विभाग द्वारा जारी परिपत्र कमांक F.4(1)FD-I(1)BUGET/2021 दिनांक 30.03.2021 में दिए गए निर्देशो के अनुरूप आवश्यक कार्यवाही / स्वीकृतियां जारी किया जाना सुनिश्चित करें।
4. कार्यो को यथाशीध्र प्रेषित प्रस्तावानुसार प्रारम्भ करवाना सुनिश्चित किया जावे।

(एम.के.गर्ग)
प्रधान मुख्य वन संरक्षक (विकास)
राजस्थान, जयपुर

क्रमांकः एफ 21(7)2022–23 / विकास / प्रमुवसं / 5405 – 10 दिनांक 26.08.2022

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेत प्रेषित है:

1. मुख्य वन संरक्षक, जयपुर
2. वित्तीय सलाहकार, वन विभाग, राजस्थान, जयपुर
3. उप वन संरक्षक, सीकर
4. प्रभारी अंकमिलान (लेखा शाखा) / संकलित शाखा (सांख्यिकी अनुभाग) / कम्प्यूटर शाखा (वेबसाईट पर अपलोड हेतु) / रक्षित पत्रावली।

(अमर सिंह गोठवाल)
मुख्य वन संरक्षक,(आयोजना)
राजस्थान,जयपुर

D:\Users\USER\Desktop\Misc C 2022-23 RAMESH.docx